Business Standard

Fri, 07 June 2019

DRDO Chairman meets Defence Minister Rajnath Singh

Defence Research and Development Organisation (DRDO) Chairman G Satheesh Reddy on Thursday called on Defence Minister Rajnath Singh here.

The Minister was briefed about 'Make in India' initiatives in Defence and DRDO's contribution in this direction. Singh was also presented a model of the A-SAT Missile.

DRDO is working in various areas of military technology which include aeronautics, armaments, combat vehicles, electronics, instrumentation engineering systems, missiles, materials, naval systems, advanced computing, simulation, and life sciences. It is the premier organisation for Defence research in India.

(This story has not been edited by Business Standard staff and is auto-generated from a syndicated feed.)

https://www.business-standard.com/article/news-ani/drdo-chairman-meets-defence-minister-rajnath-singh-119060601092_1.html

दैनिक जागरण

Fri, 07 June 2019

रक्षा खरीद में तेजी लाई जाए : राजनाथ सिंह

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालते ही राजनाथ सिंह ने अपना काम तेजी से शुरू कर दिया है। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को रक्षा मंत्रालय के विभिन्न अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। रक्षा खरीद पर जानकारी लेते हुए रक्षा मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि मंत्रालय अपने काम में तेजी लाए ताकि देश रक्षा उपकरणों का निर्यात करने में भी सक्षम हो सके। इस बैठक में रक्षा सचिव संजय मित्रा, रक्षा अधिग्रहण विभाग के महानिदेशक (डीजी) अपूर्वा चंद्र आदि मौजूद थे। अपूर्वा चंद्र ने अलग-अलग रक्षा खरीद की स्थिति के बारे में राजनाथ सिंह को जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों को रक्षा खसीद परिषद को मजबूती देने का निर्देश दिया है।

इस बैठक में अधिकारियों ने राजनाथ सिंह को विदेशी मित्र देशों से होने वाली रक्षा सहयोग गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही उन्हें तीनों सेनाओं के ट्राई सर्विस से जुड़ी भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। रक्षा मंत्री को इस बैठक में डिफेंस साइबर एजेंसी, डिफेंस स्पेस एजेंसी और आर्म्ड फोर्स के विशेष बल की जानकारी दी गई, जिसका गठन इसी वर्ष किया गया है। अधिकीरियों ने रक्षा मंत्री को डिफेंस प्लानिंग कमिटी और उसके कामकाज की भी पूरी जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने सहयोगी देशों के साथ होने वाले द्विपक्षीय और बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास और उससे जुड़े नीतिगत पहलुओं पर गहन चर्चा की।

राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं की हथियारों की मौजूदा जरूरत, उसका बजट, खरीद की प्रक्रिया और उसमें आने वाले व्यवधान पर अधिकारियों से बात की। याद रहे कि राफेल विमान वर्ष 2001 में चर्चा में आया था पर उसपर आखिरी मुहर पिछली सरकार के कार्यकाल में लगी थी। सिंह ने इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी जानकारी जुटाई। गौरतलब है कि अभी हाल में राजनाथ सिंह सियाचिन के दौरे पर गए थे और जवानों का हौसला बढ़ाया था।

राजनाथ सिंह • जागरण आर्काइव

डीआरडीओ के चेयरमैन ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के चेयरमैन जी. सतीश रेड्डी ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। रक्षा मंत्री को रक्षा एवं डीआरडीओ में 'मेक इन इंडिया' पहल और इस दिशा में योगदान के बारे में बताया गया। उन्हें ए-सैट मिसाइल का माडल भी दिया गया।